# अब 'बीम्स' से होगा बाढ़ का बेहतर प्रबंधन




कार्यशाला में जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा व अन्य.

## बोले संजय झा

**संवाददाता** ▷ पटना

**जल** संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देशानुसार विभाग बाढ़ प्रबंधन के कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर नयी तकनीक को अपना रहा है. इसी क्रम में बिहार इम्बैंकमेंट एसेट मैनेजमेंट सिस्टम (बीम्स) को तैयार किया गया है.

इस सिस्टम पर राज्य की नदियों और तटबंधों से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां एक साथ उपलब्ध होंगी, जिससे बाढ़ प्रबंधन में मदद मिलेगी. विभाग के अधिकारी किसी भी समय कहीं से भी नदियों और तटबंधों से संबंधित ऑनलाइन डेटा प्राप्त करने में सक्षम होंगे. यह बातें उन्होंने अधिकारियों और अभियंताओं को प्रशिक्षण देने के लिए शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहीं.

**गोपालगंज में आयरन शीट पाइलिंग से होगा काम** : जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने कहा है कि हर बाढ़ क्षेत्र में नयी तकनीक के उपयोग के लिए छह जिलों की एक-एक योजना का चयन किया गया है. 2020 में पहली बार कमला नदी के तटबंध पर स्टील शीट पाइलिंग तकनीक का उपयोग किया गया था. इसके फायदे को देखते हुए अब गोपालगंज बाढ़ प्रक्षेत्र में गंडक नदी के तटबंध पर संवेदनशील स्थलों पर आयरन शीट पाइलिंग का कार्य कराया जा रहा है.

## इन जगहों पर होगा नयी तकनीक से काम

नयी तकनीक के तहत चयनित कटिहार बाढ़ प्रक्षेत्र के भागलपुर जिले में गंगा के बायें किनारे इस्माइलपुर बिंदटोली तटबंध पर, समस्तीपुर बाढ़ प्रक्षेत्र के दरभंगा जिले में खिरोई नदी के बायें तटबंध पर, मुजफ्फरपुर बाढ़ प्रक्षेत्र के वैशाली जिले में बेलहा बसंत तटबंध पर, गोपालगंज बाढ़ प्रक्षेत्र के गोपालगंज जिले में पतहारा छरकी में, पटना बाढ़ प्रक्षेत्र के बक्सर जिले में धर्मस्थपुर में और वीरपुर बाढ़ प्रक्षेत्र के सुपौल जिले में चोरहर, निर्मली में चल रही बाढ़ एवं कटाव से सुरक्षा की योजनाओं में प्रयोग के तौर पर नयी तकनीक का उपयोग किया जायेगा.